Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ   نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ   وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

**अल्लाह तआला का आदेश**

وَاِذَا رَاَ الَّذِیۡنَ ظَلَمُوا الۡعَذَابَ فَلَا یُخَفَّفُ عَنۡہُمۡ وَلَا ہُمۡ یُنۡظَرُوۡنَ ○

अल् नहल 86

अनुवाद : और जिन लोगों ने ज़ुल्म किया, जब वे अज़ाब देखेंगे, तो उनसे वह न तो हल्का किया जाएगा और न ही उन्हें मोहलत दी जाएगी।

वर्ष- 9
अंक - 49
मूल्य 600 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

# बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

02 जमादिउल् सानी, 1446 हिज्री कमरी, 05 फ़तह 1403 हिज्री शम्सी, 05 दिसम्बर 2024 ई.

## अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

## आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

हज़रत सुहैब रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि मोमिन का मामला भी अजीब है। उसका हर मामला भलाई है और यह सिर्फ़ मोमिन के लिए है। अगर उसे कोई खुशी पहुँचती है, तो वह शुक्र करता है और यह उसके लिए भलाई है। और अगर उसे तकलीफ़ पहुँचती है, तो वह सब्र करता है, यह भी उसके लिए भलाई है।

(मुस्लिम, किताब-अज़-ज़ुहूद व रिकाक, बाब मोमिन का हर मामला भलाई है)

हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया "उसी की क़सम है, जिसके हाथ में मेरी जान है, कि तुम में से कोई भी मोमिन नहीं हो सकता जब तक कि मैं उसके बाप और उसके बेटे से ज़्यादा उसे प्यारा न हो जाऊं।" (बुखारी, किताब-उल-ईमान, बाब ईमान का हिस्सा यह है कि अपने भाई के लिए वही पसंद करे जो अपने लिए पसंद करे)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया "जब तुम जन्नत के बागों में से गुज़रो तो खूब चर लो।" सहाबा ने अर्ज़ किया "हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम! 'जन्नत के बाग' से क्या मुराद है?" आपने फ़रमाया "इल्म की महफ़िलें।" (अल् तरग़ीब व अतर्हीब, किताब-अल-इल्म, बाब उलमा की महफिल में शिरकत की तरग़ीब)

★ ★ ★

यह हरगिज़ नहीं होता कि ख़ुदा के लगाए हुए पौधे उन दुष्टों की फूकों से नष्ट कर दिए जाएँ।
यही एक निशानी और पहचान होती है उनके ख़ुदा की तरफ से होने की,
कि विरोधी कोशिश करते हैं कि वे नष्ट हो जाएँ, लेकिन वे बढ़ते और फूलते रहते हैं।

## हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

खुदा की यही व्यवस्था है कि हर व्यक्ति जो खुदा की ओर कदम बढ़ाता है, उसके लिए परीक्षा आवश्यक रखी गई है।

खुदा तआला फ़रमाता है :

اَحَسِبَ النَّاسُ اَنۡ یُّتۡرَکُوۡۤا اَنۡ یَّقُوۡلُوۡۤا اٰمَنَّا وَہُمۡ لَا یُفۡتَنُوۡنَ

"क्या लोग यह समझते हैं कि वे यह कहकर छोड़ दिए जाएँगे कि हमने ईमान लाया, और उनकी परीक्षा नहीं ली जाएगी?" (अल-अन् क़बूत: 3)

परीक्षा खुदा की परंपरा है। यह मत सोचो कि सर्वज्ञानी खुदा को परीक्षा की क्या आवश्यकता है? यह तुम्हारी समझ की भूल है।

खुदा को परीक्षा की ज़रूरत नहीं है, बल्कि इंसान को है, ताकि उसे अपने हालात की जानकारी हो और अपने ईमान की सच्चाई उजागर हो।

यदि विरोधी विचार सुनकर कोई व्यक्ति हार मान ले, तो उसे मानना पड़ता है कि उसमें ताकत नहीं है। दुनिया में जितने भी ज्ञान और कौशल हैं, परीक्षा के बिना उन्हें समझा नहीं जा सकता। खुदा की परीक्षा यही है कि इंसान समझ ले कि उसकी स्थिति कैसी है।

यही कारण है कि ईश्वर के नियुक्त लोगों के शत्रु अवश्य होते हैं, जो उन्हें कष्ट और यातनाएँ देते हैं, उनका अपमान करते हैं।

ऐसे समय में, सच्चे स्वभाव वाले लोग अपनी अंतर्दृष्टि से उनकी सच्चाई को पहचान लेते हैं।इसलिए ईश्वर

शेष पृष्ठ 06 पर

अब सारी दुनिया इस्लामी तौहीद को अपना रही है,
और मूर्तिपूजक जातियाँ भी, शिर्क करने के बावजूद, तौहीद का इंकार करने का साहस नहीं कर सकतीं।
दुनिया चाहे जितना भी विरोध करे, अंततः वही शिक्षा दुनिया में प्रबल होगी जो हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने प्रस्तुत की है।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने सूरः अल्-हज, आयत 68 की व्याख्या करते हुए फ़रमाया:

इस आयत में "اِنَّکَ لَعَلٰی ہُدًی مُّسۡتَقِیۡمٍ" (तुम सीधी राह पर हो) कहकर अल्लाह तआला ने यह भविष्यवाणी कर दी है कि दुनिया चाहे जितना भी विरोध करे, अंततः वही शिक्षा दुनिया में प्रबल होगी जो हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने प्रस्तुत की है, और एक दिन सभी धर्मों के झंडे इस्लामी झंडे के सामने झुक जाएंगे।

देखो, जब हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने तौहीद (एकेश्वरवाद) की शिक्षा प्रस्तुत की, उस समय दुनिया की क्या स्थिति थी। ईसाई तीन खुदाओं को मानते थे। ज़रतुश्ती प्रकाश और अंधकार के अलग-अलग देवताओं को स्वीकार करते थे।

पारसी अग्नि की पूजा करते थे।

मूर्तिपूजक लोग लात और मनात को अपना खुदा मानते थे।

पूरी दुनिया शिर्क (मूर्तिपूजा) में डूबी हुई थी।

परंतु आज इस्लाम द्वारा प्रस्तुत तौहीद दुनिया पर इतनी प्रबल हो चुकी है कि ईसाई भी अपने आपको एकेश्वरवादी कहते हैं।

मूर्तिपूजक भी मानते हैं कि खुदा तो एक ही है। ये मूर्तियाँ केवल माध्यम हैं, जिनके द्वारा खुदा के दरबार तक पहुँचा जाता है। हालाँकि, जब इस्लाम ने यह दावा किया था कि खुदा एक है, तो मक्का के लोगों को इस पर इतनी हैरत हुई कि उन्होंने कहना शुरू कर दिया:

اَجَعَلَ الۡاٰلِہَۃَ اِلٰـہًا وَّاحِدًا ۚۖ اِنَّ ہٰذَا لَشَیۡءٌ عُجَابٌ

"अजअलल-आलिहता इलाहं वाहिदा? इन्न हाज़ा लशैउन उजब" (सूरः साद : 5)

(क्या उसने इतने सारे देवताओं को एक बना दिया? यह तो बहुत अजीब बात है जो पहले कभी सुनी नहीं गई।)

लेकिन आज सारी दुनिया इस्लामी तौहीद को अपना रही है।

मूर्तिपूजक जातियाँ भी, शिर्क करने के बावजूद, तौहीद का इंकार करने का साहस नहीं कर सकतीं।

शेष पृष्ठ पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

## ख़ुत्बः जुमअः

सआद रज़ियल्लाहु अन्हु का फ़ैसला एक न्यायपूर्ण और ऐतिहासिक दृष्टिकोण
"हज़रत सआद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हु का निर्णय अपनी प्रकृति में कठोर समझा जा सकता है,

---

लेकिन यह किसी भी रूप में न्याय और इंसाफ़ के खिलाफ़ नहीं था। यहूदियों के अपराध की गंभीरता और मुसलमानों की सुरक्षा का प्रश्न, दोनों ही यह मांग करते थे कि ऐसा ही निर्णय हो।

---

इसके अलावा, यह फ़ैसला यहूदी शरियत के बिल्कुल अनुरूप था और प्रारंभिक समझौते के अनुसार आवश्यक भी था। उस समझौते के तहत मुसलमान इस बात के पाबंद थे कि यहूदियों से संबंधित मामलों का निर्णय उनकी अपनी शरियत के अनुसार किया जाए।

---

हालांकि, यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि यह फ़ैसला हज़रत सआद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हु का था, न कि हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का। सआद रज़ियल्लाहु अन्हु पर ही इस फ़ैसले की पूरी ज़िम्मेदारी थी।

---

हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का इस फ़ैसले के साथ संबंध केवल इतना था कि एक राष्ट्रप्रमुख के रूप में आपने इस निर्णय को अपने शासन के तहत लागू किया।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन)

---

बनू कुरैज़ा के अपराधों का स्वरूप
बनू कुरैज़ा केवल एक अपराध के दोषी नहीं थे। उन्होंने:विश्वासघात और एहसान फरामोशी की। संधि भंग और गद्दारी की।

---

विद्रोह और हत्या की साज़िश की। उन्होंने यह सब ऐसे हालात में किया जो उनके अपराधों को और अधिक गंभीर बनाते हैं। दुनिया की कोई निष्पक्ष अदालत उनके मामले में किसी प्रकार की रियायत का कारण नहीं खोज सकती।

---

निर्णय का न्यायिक मूल्यांकन जहां तक इस निर्णय का सवाल है, हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि इसमें किसी प्रकार का अन्याय या अत्याचार नहीं था। यह निर्णय पूर्णतः न्याय और इंसाफ़ पर आधारित था।

---

"अगर विद्रोहियों को कड़ी सज़ा न दी जाए, तो शासन प्रणाली टूटने लगती है।"

इससे दुष्ट और अराजक तत्वों को ऐसी हिम्मत मिलती है, जो सार्वजनिक शांति और कल्याण के लिए घातक साबित हो सकती है। ऐसे मामलों में विद्रोहियों पर दया करना वास्तव में पूरे देश और शांति प्रिय लोगों पर अत्याचार के बराबर होता है।

---

"एक और बात याद रखना ज़रूरी है कि जो समझौता हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और यहूदियों के बीच प्रारंभ में हुआ था, उसकी शर्तों में से एक शर्त यह थी कि अगर यहूदियों के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होगा, तो उसका निपटारा उनकी अपनी शरियत के अनुसार किया जाएगा।"
ग़ज़वा-ए-बनू कुरैज़ा के अंत में बनू कुरैज़ा की सज़ा पर सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के हवाले से विस्तृत और आलोचनात्मक समीक्षा।

**ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 01 नवंबर 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)**

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَ رَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُلِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

बनी क़ुरैज़ा के ग़ज़वे की जानकारी का वर्णन हो रहा था, इसकी और अधिक जानकारी इस प्रकार है:

इसमें उन मुसलमानों के बारे में लिखा गया है जो इस ग़ज़वे में शहीद हुए। इस ग़ज़वे में दो मुसलमान शहीद हुए थे: हज़रत ख़ल्लाद बिन सवैयद (रज़ियल्लाहु अन्हो) और हज़रत मुनज़िर बिन मुहम्मद (रज़ियल्लाहु अन्हो)।

बनी क़ुरैज़ा के यहूदियों की संख्या, जो इस ग़ज़वे में मारे गए, इस पर मतभेद पाया जाता है। इब्न इस्हाक़ ने लिखा है कि इनकी संख्या 600 थी। एक अन्य रिवायत के

अनुसार यह संख्या 700 थी। सुहैली के अनुसार, इनकी संख्या 800 से 900 के बीच थी। इमाम तिर्मिज़ी और इमाम नसाई ने इसे 400 योद्धा बताया है। इब्न साद ने भी इसे 600 से 700 के बीच बताया है।

(सबलुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 16, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, 1993)
(सबलुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 20, अल्-तबक़ातुल कुबरा, भाग 2, पृष्ठ 58)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब (रज़ियल्लाहु अन्हो) ने विभिन्न स्रोतों से जो जानकारी एकत्रित की है, उसके अनुसार वे लिखते हैं : "करीब 400 लोग उस दिन साद (रज़ियल्लाहु अन्हो) के फैसले के मुताबिक क़त्ल किए गए, और रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने सहाबा को हुक्म देकर इन मारे गए व्यक्तियों को खुद के इंतज़ाम में दफ्न करवाया।" (सीरत-ए-ख़ातिम-उन-नबीयीन, हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब एम.ए, पृष्ठ 603)

इस्लाम के विरोधी संख्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं और फिर इस्लाम को एक ज़ालिम मज़हब करार देने की कोशिश करते हैं। लेकिन अगर तथ्यों और प्रमाणों को देखा जाए तो प्रमाणिक इतिहासों के अनुसार यह संख्या लगभग 400 बनती है। और वह भी केवल वे लोग जो युद्ध के लिए लड़ने वाले थे। यही कारण है कि उन्हें एक जगह खाई में दफ्न कर दिया गया।

उस समय के एक अहमदी स्कॉलर, सैयद बरकात साहब, ने भी इस पर गहराई से शोध की है और इस पर बड़ी अच्छी बातें लिखी हैं। अपनी किताब "रसूल-ए-अकरम और यहूद-ए-हिजाज़" में वे लिखते हैं कि बनी क़ुरैज़ा के मारे गए लोगों की संख्या को लेकर बहस की जाए तो उन्होंने कुछ प्रश्न उठाए हैं, जिनमें से कुछ में तर्कसंगतता का पहलू मौजूद है।

उनका कहना है कि सबसे पहला और अहम सिद्धांत यह है कि हदीस हो या इतिहास, इनकी रिवायतें ज़फ (कमज़ोर) और वज़ा (घड़ी हुई) होने के आरोपों से ख़ाली नहीं हैं। इसलिए आंखें बंद करके हर रिवायत को स्वीकार कर लेना बुद्धिमानी नहीं है।

"फिर छह सौ से नौ सौ मारे गए पुरुषों के साथ उनकी महिलाएँ और बच्चे, जिनकी संख्या सावधानीपूर्वक अनुमान के अनुसार पाँच-छह हज़ार से कम नहीं होगी, उनके बारे में यह कहना कि उन्हें मदीना में रस्सियों से बांधकर लाया गया और दो घरों में रखा गया। उनके खाने-पीने की सुविधाओं का प्रबंध करना, जबकि मुसलमान खुद भूखे-प्यासे रह रहे थे; इतनी बड़ी संख्या को शौचालय के लिए ले जाना; और भी आवश्यकताएँ होती हैं। इसके बावजूद, किसी ने भी भागने की कोशिश नहीं की, न ही कोई शोर मचाया।

फिर रातोंरात मदीना के एक बाजार में उन छह सौ लोगों के कत्ल के लिए गड्ढे खुदवाना, जबकि नई खुदी हुई खाई भी मौजूद थी। इसके बाद दो या तीन व्यक्तियों, यानी हजरत अली रज़ियल्लाहु अन्हो और हजरत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हो ने ही उन सभी को कत्ल किया। इन दोनों साथियों ने इस घटना का कभी ज़िक्र नहीं किया। साथ ही, बुखारी और मुस्लिम में मारे गए लोगों की संख्या का उल्लेख भी नहीं है। ऐसी कुछ बातें यह मार्गदर्शन करती हैं कि इन रिवायतों पर फिर से विचार किया जाना चाहिए और यह देखा जाए कि कहीं इन रिवायतों में अधिक बढ़ा-चढ़ा कर तो बात नहीं की गई है।

लिखा गया है कि छिपे तौर पर पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और मुसलमानों की यहूदियों के प्रति दुश्मनी को हवा देने के लिए इन घटनाओं में बाद के लोगों ने रंग भर दिए हैं। क्योंकि बुखारी में जो शब्द इस्तेमाल हुआ है, वह यह है कि हजरत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़ैसले में कहा था:

"तुक़तलुल मुक़ातिलाह", अर्थात उनके 'मुक़ातिला', अर्थात लड़ने वाले, मारे जाएँ।

अब सामान्य इतिहासकारों और व्याख्याकारों व सीरत लेखकों ने इसका अनुवाद यह किया कि हर वह पुरुष जो लड़ने के काबिल था, उसे मार दिया जाए। बल्कि उन्होंने इस शब्द का इतना व्यापक अर्थ ले लिया कि 'लड़ने के काबिल' का मतलब हर वयस्क पुरुष मान लिया गया। और वयस्कता का मापदंड भी खुद ऐसा तय किया गया कि कुछ लोगों को खड़ा कर दिया गया, जो हर पुरुष की वयस्कता की पहचान बाकायदा जांचते थे और ऐलान करते थे कि यह वयस्क है। इस तरह यह संख्या बढ़ती चली गई।

इसमें इस हद तक अतिशयोक्ति है। लेकिन जिनका झुकाव कम संख्या की ओर था, उन्होंने 'मुक़ातिला' शब्द का अनुवाद सीमित रखा और इसका मतलब केवल उन पुरुषों से लिया, जो इस युद्ध में शामिल हुए थे। उनकी जांच के अनुसार, यह संख्या बीस से अधिक नहीं थी। उन्होंने इसे और भी कम कर दिया। यह किसी हद तक तार्किकता का पहलू लिए हुए है। (स्रोत: "रसूल अकरम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और यहूद-ए-हिजाज़," पृष्ठ 132-148, उर्दू अनुवाद "मोहम्मद एंड द ज्यूज़" लेखक: सैयद बरकात अहमद, अनुवादक: मुशीरुल हक, मक्तबा जामिया, नई दिल्ली लिमिटेड)

यह उनकी अपनी खोज है, लेकिन उनकी कुछ बातें वाकई तर्कसंगत हैं और शोध में इन्हें आधार बनाया जा सकता है।"

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हो ने ग़ज़वा-ए-बनू क़ुरैज़ा में मारे गए यहूदियों की संख्या को लेकर किए गए ग़ैर-मुस्लिम इतिहासकारों के आपत्तियों का जवाब देते हुए फ़रमाया:

"बनू क़ुरैज़ा की घटना के बारे में कुछ ग़ैर-मुस्लिम इतिहासकारों ने बहुत अप्रिय ढंग से हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर हमले किए हैं और उन लगभग चार सौ यहूदियों की सज़ा-ए-क़त्ल की वजह से आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को नाऊज़ुबिल्लाह एक अत्याचारी और क्रूर शासक के रूप में प्रस्तुत किया है। यह आपत्ति केवल धार्मिक पक्षपात पर आधारित है, जिससे इस्लाम और इस्लाम के संस्थापक के संबंध में बहुत से पश्चिमी विचारों के प्रभाव में प्रशिक्षित इतिहासकार भी मुक्त नहीं हो सके।"

अर्थात, कुछ मुसलमान भी उनके प्रभाव में आ गए।

"इस आपत्ति का जवाब देते हुए," वे लिखते हैं, **"सबसे पहले यह याद रखना चाहिए कि बनू क़ुरैज़ा के संबंध में जिस फ़ैसले को अन्यायपूर्ण कहा जा रहा है, वह हज़रत साद बिन मुआज़ का फ़ैसला था, न कि हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का। और जब यह फ़ैसला आपका था ही नहीं, तो इसकी वजह से आप पर आपत्ति नहीं की जा सकती।

दूसरे, यह फ़ैसला परिस्थितियों के अनुसार किसी भी तरह से ग़लत या अन्यायपूर्ण नहीं था... जो हालात पहले बताए गए हैं, वे किसी भी तरह से अन्यायपूर्ण नहीं थे।"

तीसरा, साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़ैसले की घोषणा से पहले आपसे जो वचन लिया था, उसकी वजह से आप इस बात के पाबंद थे कि हर हाल में उस पर अमल करें।

चौथा, जब स्वयं अपराधियों ने इस फ़ैसले को स्वीकार कर लिया और इस पर कोई आपत्ति नहीं उठाई, बल्कि इसे अपने लिए एक ख़ुदाई फ़ैसला समझा—जैसा कि हय्य बिन अख़तब के उन शब्दों से भी ज़ाहिर होता है, जो उन्होंने क़त्ल के समय कहे—तो ऐसी स्थिति में यह आपका काम नहीं था कि आप ज़बरदस्ती इसमें हस्तक्षेप करते।

साद रज़ियल्लाहु अन्हो के फ़ैसले के बाद इस मामले में आपका संबंध केवल इतना था कि आपने अपने प्रशासन के तहत इस फ़ैसले को बेहतरीन तरीक़े से लागू किया। और यह बताया जा चुका है कि आपने इसे ऐसे ढंग से लागू किया, जो दया और करुणा का सर्वोत्तम उदाहरण माना जा सकता है।

अर्थात जब तक ये लोग फ़ैसले के लागू होने से पहले क़ैद में रहे, आपने उनकी रहने और खाने-पीने का सबसे अच्छा इंतज़ाम किया। और जब उन पर साद रज़ियल्लाहु अन्हो का फ़ैसला लागू किया जाने लगा, तो आपने इसे इस तरह से लागू किया, जिससे अपराधियों को न्यूनतम कष्ट हो। उदाहरण के लिए, आपने यह आदेश दिया कि एक अपराधी के क़त्ल के समय दूसरा अपराधी वहाँ मौजूद न हो।

इतिहास से यह भी पता चलता है कि जिन्हें क़त्लगाह में ले जाया जाता था, उन्हें तब तक यह पता नहीं चलता था कि वे कहाँ जा रहे हैं, जब तक वे क़त्लगाह में न पहुँच जाते। इसके अलावा, जिसके संबंध में भी आपके सामने दया की अपील पेश की गई, आपने उसे तुरंत स्वीकार किया। आपने न केवल ऐसे लोगों की जान बख्श दी, बल्कि उनके परिवार, बच्चों और संपत्तियों को भी वापस लौटाने का आदेश दिया।

इससे बढ़कर अपराधियों के साथ दया और करुणा का व्यवहार और क्या हो सकता है? इसलिए, न केवल यह कि बनू क़ुरैज़ा की घटना के संबंध में हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर कोई आपत्ति नहीं की जा सकती, बल्कि वास्तविकता यह है कि यह घटना आपके श्रेष्ठ नैतिकता, उत्कृष्ट प्रशासन और आपकी स्वाभाविक दया और कृपा का एक स्पष्ट प्रमाण है।

अब रहा मूल फ़ैसले का सवाल। तो इसके बारे में भी हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि इसमें किसी भी प्रकार का अन्याय और अत्याचार नहीं था, बल्कि यह पूरी तरह से न्याय और इंसाफ़ पर आधारित था।"

इसके लिए सबसे पहले हमें यह देखना चाहिए कि बनू क़ुरैज़ा का अपराध क्या था और वह अपराध किस स्थिति में किया गया। तो इतिहास से यह पता चलता है कि जब शुरू-शुरू में हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मदीना में आए, तो उस समय मदीना में यहूदियों के तीन क़बीले बसे हुए थे, अर्थात बनू क़ैनका, क़बीला बनू

नदीर और क़बीला बनू क़ुरैज़ा। हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने हिजरत के बाद जो पहला राजनीतिक काम किया, वह यह था कि इन तीनों क़बीलों के सरदारों को बुलाकर उनके साथ शांति और सुरक्षा का एक समझौता किया। इस समझौते की शर्तें यह थीं कि मुसलमान और यहूदी मदीना में शांति से रहेंगे, एक-दूसरे के साथ मित्रवत संबंध रखेंगे, और एक-दूसरे के दुश्मनों को किसी प्रकार की मदद नहीं देंगे। न ही एक-दूसरे के दुश्मनों के साथ कोई संबंध बनाएंगे, और अगर किसी बाहरी क़बीले या क़बाइल की तरफ से मदीना पर कोई हमला हुआ, तो सभी मिलकर उसका मुकाबला करेंगे। अगर समझौता करने वालों में से कोई व्यक्ति या कोई समूह इस समझौते को तोड़ेगा या फसाद का कारण बनेगा, तो बाकी लोग उसे खिलाफ हाथ उठाने का अधिकार रखेंगे। और सभी विवाद और झगड़े हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के सामने लाए जाएंगे और आपका फैसला सबके लिए जरूरी होगा। लेकिन यह ज़रूरी था कि हर व्यक्ति या समुदाय के बारे में उसी के धर्म और उसी की शरीयत के अनुसार फ़ैसला किया जाए।

यह महत्वपूर्ण बात है कि जो फ़ैसला होगा, वह उनके धर्म और उनकी शरीयत के अनुसार होगा, बावजूद इसके कि मुसलमानों की सरकार स्थापित कर दी गई थी।

"अब यह देखना चाहिए कि इस समझौते पर यहूदियों ने कैसे अमल किया?"

इसका जवाब यह है कि "सबसे पहले क़बीला बनू क़ैनुका ने धोखा दिया और मित्रवत संबंधों को तोड़कर मुसलमानों से युद्ध की शुरुआत की और मुस्लिम महिलाओं की बेइज़्ज़ती का नीच तरीका अपनाया। फिर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की जो अंतर्राष्ट्रीय समझौते के आधार पर प्रतिष्ठित स्थिति थी, उसे अत्यधिक विद्रोहात्मक तरीके से नकार दिया।" घमंड में आकर नकार दिया।

"लेकिन जब वे मुसलमानों के सामने पराजित हो गए, तो हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने उन्हें माफ़ कर दिया और सिर्फ इतना सावधानी बरती कि बनू क़ैनुका मदीना से निकलकर किसी दूसरे स्थान पर जाकर बस जाएं, ताकि शहर का शांति भंग न हो और मुसलमान एक छुपे हुए दुश्मन के खतरे से बच सकें।"

इसलिए क़बीला बनू क़ैनका के लोग अपने संपत्ति और परिवारों को लेकर शांति से मदीना से बाहर निकल गए और दूसरी जगह बस गए। लेकिन इस घटना से बाकी यहूदी क़बीले ने कोई शिक्षा नहीं ली। बल्कि हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के दया ने उन्हें और भी अनावश्यक साहस दे दिया और ज्यादा समय नहीं गुज़रा था कि यहूदी क़बीला बनू नदीर ने भी सिर उठाया और सबसे पहले उनके एक प्रमुख क़ाब बिन अशर्फ ने समझौता तोड़कर कुरैश और दूसरे अरब क़बीले के साथ मुसलमानों के खिलाफ साज़िश शुरू की। और अरब के इन जंगली दरिंदों को हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और उनके सहाबियों के खिलाफ खतरनाक तरीके से भड़काया। मुसलमानों के खिलाफ ऐसे उकसाने वाले अशआर कहे, जिससे देश में मुसलमानों के लिए एक खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गई। फिर इस बदक़िस्मत व्यक्ति ने सम्मानित मुसलमान महिलाओं का नाम लेकर अपने अशआर में उन पर तंज कसे और आखिरकार हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के क़त्ल की साज़िश की। और जब हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के आदेश से इस व्यक्ति को उसके कृत्य का फल मिला, तो उसका क़बीला एकजुट होकर मुसलमानों के खिलाफ खड़ा हो गया और उसी दिन से बनू नदीर ने समझौता तोड़ दिया और मुसलमानों के खिलाफ साज़िश शुरू कर दी। आखिरकार, पूरे क़बीले ने मिलकर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के क़त्ल का योजना बनाया और यह तय किया कि किसी भी हालत में उन्हें जिंदा नहीं छोड़ना है। हालांकि पहले समझौते में यह सब शामिल था कि यदि कोई गलत काम करेगा तो उसे सजा दी जाएगी और खुशी से दी जाएगी। फिर भी, "और जब उनके इन खूनखराबे के इरादों का पता चला, तो हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने उनकी चेतावनी और सजा का तरीका अपनाया, तो वे अत्यधिक घमंड में मुसलमानों से युद्ध करने के लिए तैयार हो गए और इस युद्ध में बनू क़ुरैज़ा ने उनकी मदद की। लेकिन जब बनू नदीर हार गए..." अब यहां बनू नदीर को बनू क़ुरैज़ा ने मदद दी, उन्होंने भी समझौता तोड़ा, "जब बनू नदीर हार गए, तो हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने बनू क़ुरैज़ा को पूरी तरह माफ़ कर दिया," इसके बावजूद कि वे बनू नदीर के साथ मिल गए थे, "आप ने बनू क़ुरैज़ा को माफ़ कर दिया और बनू नदीर को भी मदीना से शांति से जाने की अनुमति दे दी। हालांकि इतना किया कि उन्हें उनके हथियारों के साथ जाने की अनुमति नहीं दी, लेकिन इस एहसान का बदला बनू नदीर ने यह दिया कि मदीना से बाहर जाकर उनके प्रमुखों ने पूरे अरब का दौरा किया और विभिन्न क़बीलों को खतरनाक तरीके से उकसाकर एक विशाल सेना मदीना पर चढ़ाई करने के लिए ले आए।"

वे बहुत बड़ी सेना लेकर आए, "और सबसे यह पक्का वादा लिया कि अब जब तक इस्लाम को नष्ट नहीं कर देंगे, वे वापस नहीं जाएंगे।"

ऐसी खतरनाक स्थिति में, जिसका संक्षिप्त विवरण ऊपर दिया गया है, यहूदियों के तीसरे क़बीले, बनू क़ुरैज़ा ने क्या किया? और यह क़बीला वह था जिस पर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने ग़ज़वा बनू नदीर के समय उनकी ग़द्दारी को माफ़ कर के विशेष एहसान किया था।

हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने बनू क़ुरैज़ा से एहसान का बर्ताव किया था, "और फिर दूसरा एहसान हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का यह था कि, हालांकि वे हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की हिजरत से पहले बनू नदीर से दर्जे और अधिकारों में निम्न माने जाते थे," अब ये दोनों क़बीले, बनू नदीर और बनू क़ुरैज़ा, जो थे, उनके बीच भी दर्जों में फर्क था। बनू क़ुरैज़ा, बनू नदीर से निम्न माने जाते थे। "यानी यदि बनू नदीर का कोई आदमी बनू क़ुरैज़ा के हाथों मारा जाता था, तो हत्यारे को क़सास में मार दिया जाता था," यह उनका नियम था। "लेकिन यदि बनू क़ुरैज़ा का कोई आदमी बनू नदीर के हाथों मारा जाता था, तो केवल दियत की अदायगी पर्याप्त मानी जाती थी," और उसे कुछ धन लेकर छोड़ दिया जाता था।

"लेकिन हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने बनू क़ुरैज़ा को अन्य नागरिकों के साथ समान अधिकार दिए।" फिर भी, इन महान एहसानों के बावजूद, बनू क़ुरैज़ा ने फिर भी ग़द्दारी की, और ग़द्दारी भी ऐसी नाज़ुक समय में की, जब मुसलमानों पर इससे भी ज्यादा नाज़ुक समय कभी नहीं आया। बनू क़ैनुका की मिसाल उनके सामने थी, उन्होंने इसका फायदा नहीं उठाया। बनू नदीर की घटना उनके सामने हुई थी, उन्होंने इसका कोई पाठ नहीं लिया। तो फिर क्या किया? उन्होंने अपना समझौता तोड़कर और हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के एहसानों को भुलाकर, ठीक उस समय जब तीन हजार मुसलमान अत्यधिक बेबसी और विपत्ति की स्थिति में, काफ़िरों के दस से पंद्रह हजार खूंखार सैनिकों से घिरे हुए थे और उनकी स्थिति इतनी खराब हो रही थी कि उनके दिल दहल रहे थे, "और जंग ए अहज़ाब के समय मौत उन्हें सामने दिखाई दे रही थी। वे अपने किलों से बाहर निकले," बनू क़ुरैज़ा ने, और मुसलमानों की महिलाओं और बच्चों पर पीछे से हमला कर दिया और मुसलमानों के एकता से मुँह मोड़कर इस रक्तपात वाले गठबंधन में शामिल हो गए, जिसका मुख्य उद्देश्य इस्लाम और इसके संस्थापक को नष्ट करना था।

"हां, उसी संस्थापक को, जिसका मदीना आने के बाद पहला काम यह था कि उसने इन यहूदियों को अपना मित्र और साझेदार बना लिया।" यह एक विचारणीय बात है। हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने मदीना में आकर यहूदियों को अपना मित्र और साझेदार बनाया। "और यहूदियों का पहला काम यह था कि उन्होंने उसे अपना मित्र और साझेदार माना, और उसे अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली का अध्यक्ष स्वीकार किया।"

इस स्थिति में, बनू क़ुरैज़ा का यह कार्य केवल एक विश्वासघात और ग़द्दारी नहीं था, बल्कि यह एक खतरनाक विद्रोह का भी रूप ले रहा था, और एक ऐसा विद्रोह कि यदि उनकी योजना सफल हो जाती, तो मुसलमानों की जान, उनके सम्मान, उनके धर्म और उनके विश्वास का निश्चित रूप से अंत हो जाता।

तो बनू क़ुरैज़ा केवल एक अपराध के दोषी नहीं थे, बल्कि उन्होंने विश्वासघात और एहसानफरामोशी की, उन्होंने ग़द्दारी की, बग़ावत की और हत्या की कोशिश की। और इन अपराधों को उन्होंने उन परिस्थितियों में अंजाम दिया, जो एक अपराध को भी सबसे भयावह रूप में पेश कर सकती थीं, और दुनिया की कोई भी निष्पक्ष अदालत उनके मामले में किसी भी प्रकार की छूट का पक्ष नहीं ले सकती थी। "किसी अदालत में ऐसे हालात में कोई छूट मिलने का कोई सवाल नहीं था।"

"ऐसे हालात में उनकी सजा के अलावा क्या हो सकती थी जो दी गई। जाहिर है कि संभावित रूप से केवल तीन सज़ाएँ ही दी जा सकती थीं। पहली, मदीना में ही क़ैदी या नजरबंदी। दूसरी, निर्वासन जैसा कि बनू क़ैनुका और बनू नदीर के मामले में हुआ था। तीसरी, युद्धरत व्यक्तियों का मर्डर और बाकी लोगों की क़ैदी या नजरबंदी। अब न्याय के साथ सोचिए कि उस समय की परिस्थितियों के तहत मुसलमानों के पास कौन सा तरीका था। एक दुश्मन क़ौम को अपने शहर में क़ैद रखना उस समय के हिसाब से बिल्कुल असंभव था, क्योंकि पहले तो क़ैद के साथ ही क़ैदियों की आवास और भोजन की ज़िम्मेदारी मुसलमानों पर थी, जिसे वह बिल्कुल सहन नहीं कर सकते थे। दूसरे, उस समय कोई जेलें आदि नहीं होती थीं, और क़ैदियों के बारे में यही नियम था कि वे विजयी क़ौम के लोगों में बाँट दिए जाते थे, जहाँ वे व्यावहारिक रूप से पूरी तरह स्वतंत्र रहते थे। ऐसे हालात में, एक कट्टर विरोधी और षड्यंत्रकारी समूह का मदीना में रहना

अपने आप में अत्यधिक खतरनाक संभावनाएँ रखता था, और यदि बनू क़ुरैज़ा पर यह फैसला लिया जाता, तो इसका मतलब यह होता कि वे वही स्वतंत्रता पाते जो पहले थी, लेकिन उनके खर्चों की ज़िम्मेदारी मुसलमानों पर डाल दी जाती। यानी पहले अगर वे खुद खाते थे और मुसलमानों का गला काटते थे, तो आगे अगर उन्हें यहाँ शहर में रहने की आज़ादी दी जाती, तो वे मुसलमानों का ही खाना खाते और गला भी काटते।"

"वे षड्यंत्र तो करते ही, और मुसलमानों के घरों में और उनके साथ मिलकर रहने की वजह से जो दूसरे खतरें हो सकते थे, वे भी और बढ़ जाते।"

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब ने आगे लिखा, "ऐसे हालात में मैं नहीं समझ सकता कि कोई समझदार व्यक्ति यह राय रख सकता है कि बनू क़ुरैज़ा को यह सजा दी जा सकती थी कि उन्हें वहीं रखा जाए।"

अब रही दूसरी सजा यानी निर्वासन, तो यह सजा बेशक उस समय के हिसाब से दुश्मन के खतरे से बचने के लिए एक अच्छा तरीका माना जाता था, लेकिन बनू नदीर का निर्वासन का अनुभव यह बताता है कि कम से कम यहूदियों के मामले में, यह तरीका किसी भी स्थिति में पहले तरीके से कम खतरनाक नहीं था। यानी यहूदियों को मदीना से बाहर जाने की अनुमति देना, इसका कोई मतलब नहीं था सिवाय इसके कि न सिर्फ यह कि व्यावहारिक और युद्ध के विरोधी इस्लाम के दुश्मनों की संख्या बढ़ जाए, बल्कि इस्लाम के दुश्मन उन लोगों से मिल जाएं जो अपनी खतरनाक उत्तेजना, विरोधी प्रचार, और गुप्त षड्यंत्रों की वजह से हर विरोधी इस्लाम आंदोलन के नेता बनने के लिए बेचैन थे। इतिहास से यह साबित है कि यहूदियों के सारे क़बीले में से बनू क़ुरैज़ा अपने विरोध में सबसे बढ़कर थे। तो निश्चित रूप से, बनू क़ुरैज़ा का निर्वासन इससे कहीं ज्यादा खतरनाक हो सकता था जितना कि बनू नदीर ने ग़ज़वा अहज़ाब के समय मुसलमानों के लिए पैदा किया। और अगर मुसलमान ऐसा करते, तो उस समय की परिस्थितियों में उनका यह कार्य कतई आत्महत्या से कम न होता। मगर क्या दुनिया में कोई ऐसी क़ौम है जो दुश्मन को ज़िंदा रखने के लिए खुद आत्महत्या करने को तैयार हो? अगर नहीं, तो निश्चित रूप से मुसलमानों को इस वजह से दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि उन्होंने बनू क़ुरैज़ा को ज़िंदा रखने के लिए आत्महत्या क्यों नहीं की।"

"तो ये दोनों सज़ाएँ असंभव थीं और इनमें से कोई भी अपनाना, खुद को निश्चित विनाश में डालने जैसा था। और इन दोनों सज़ाओं को छोड़कर केवल वही रास्ता खुला था, जो अपनाया गया।

निश्चित रूप से, साद का निर्णय अपनी प्रकृति में एक कठोर निर्णय था, और मानव स्वभाव सामान्यतः इससे एक आघात महसूस करता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इसके बिना कोई और रास्ता था जिसे अपनाया जाता।

जब एक सर्जन अपने किसी रोगी का ऑपरेशन करता है और उसकी हाथ या पैर काट देता है या किसी और अंग को शरीर से अलग कर देता है, तो हर सभ्य इंसान के दिल को दुःख होता है कि यदि ऐसा न किया जाता, अर्थात अगर परिस्थितियों की मजबूरी इसे आवश्यक न बनाती, तो बेहतर होता, लेकिन परिस्थितियों की मजबूरी के सामने झुकना पड़ता है। वास्तव में, ऐसे हालात में सर्जन का यह कदम सराहनीय माना जाता है, क्योंकि उसने थोड़ी या कम मूल्य वाली चीज़ की बलि देकर अधिक मूल्यवान चीज़ को बचा लिया। इसी प्रकार, बनू क़ुरैज़ा के मामले में साद का निर्णय, हालांकि कठोर था, लेकिन यह परिस्थितियों की मजबूरी का एक अनिवार्य परिणाम था, जिसके बिना कोई विकल्प नहीं था। यही कारण है कि मार्गोलिस जैसे इतिहासकार, जो बिल्कुल भी इस्लाम के समर्थक नहीं थे, भी इस समय यह स्वीकार करने पर मजबूर हुए कि साद का निर्णय परिस्थितियों की मजबूरी पर आधारित था, जिसके बिना कोई उपाय नहीं था।

चलिए, अब हम मार्गोलिस के शब्दों को देखते हैं:

"ग़ज़वा-ए-अहज़ाब का हमला, जिसके बारे में मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का यह दावा था कि वह केवल ईश्वर के नियंत्रण में पीछे हट गया था, वह बनू नदीर की उकसाने वाली कोशिशों का परिणाम था, या कम से कम यह माना जाता था कि वह उनकी कोशिशों का परिणाम था। और बनू नदीर वही थे जिन्हें मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने केवल निर्वासित कर दिया था। अब सवाल यह था कि क्या मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बनू क़ुरैज़ा को भी निर्वासित कर, अपने खिलाफ उकसाने वाली कोशिशों में शामिल होने वालों की संख्या और ताकत में वृद्धि कर देंगे? दूसरी ओर, वह क़ौम जो मदीना में भी नहीं रह सकती थी, उसने खुले तौर पर आक्रमणकारियों का साथ दिया था। उनका निर्वासन असुरक्षित था, लेकिन उनका मदीना में रहना भी उतना ही खतरनाक था। तो इस फैसले के बिना कोई उपाय नहीं था, और इसलिए उन्हें हत्या का आदेश दिया गया।"

फिर यह बात विशेष रूप से ध्यान में रखनी चाहिए कि बनू क़ुरैज़ा केवल मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सहयोगी और संधि के पार्टनर नहीं थे, बल्कि वे अपनी प्रारंभिक संधि के अनुसार मदीना में मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सरकार को स्वीकार कर चुके थे, या कम से कम उन्होंने उनकी सर्वोत्तमता (sovereignty) को स्वीकार किया था। तो उनकी स्थिति केवल एक ग़द्दार सहयोगी या सामान्य दुश्मन की नहीं थी, बल्कि वे निश्चित रूप से विद्रोही थे और ऐसे विद्रोही जो बेहद खतरनाक थे। और विद्रोही को सजा, विशेष रूप से युद्ध के समय में, केवल हत्या के रूप में ही समझी गई।

यदि विद्रोही को भी अंतिम सज़ा नहीं दी जाती, तो सरकार का ढांचा पूरी तरह टूट जाता और बुरे और भ्रष्ट लोग ऐसी हिम्मत जुटा लेते, जो सार्वजनिक शांति और कल्याण के लिए अत्यधिक घातक साबित होती। और निश्चित रूप से, ऐसे हालात में विद्रोही पर दया करना वास्तव में देश और देश के शांतिपूर्ण लोगों पर अत्याचार करने के समान होता।

इसलिए, सभी सभ्य सरकारें इस समय तक ऐसे विद्रोहियों को, चाहे वह पुरुष हों या महिलाएं, मौत की सजा देती आई हैं और किसी भी समझदार व्यक्ति ने कभी इस पर आपत्ति नहीं की। तो साद का निर्णय पूरी तरह से न्यायसंगत था और न्याय और सच्चाई के सिद्धांतों के अनुरूप था, और मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अपने वादे के कारण इस निर्णय में दया का पक्ष नहीं अपना सकते थे, सिवाय कुछ व्यक्तियों के, और इसके लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किया।

अर्थात यदि कुछ व्यक्ति माफी मांगते तो उन्हें माफ किया जा सकता था, लेकिन पूरे क़ौम को माफ नहीं किया जा सकता था, क्योंकि उन्होंने पहले ही साद से वादा किया था।

"लेकिन ऐसा लगता है कि यहूदियों ने इस शर्म से कि उन्होंने मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को न्यायाधीश मानने से इंकार किया था, दया की अपील करने में ज्यादा कोशिश नहीं की। और जाहिर है कि बिना अपील के, आप दया नहीं कर सकते थे, क्योंकि जो विद्रोही अपने अपराध पर पछतावा भी नहीं करता, उसे स्वतः छोड़ देना राजनीतिक रूप से बहुत खतरनाक परिणाम उत्पन्न कर सकता था।

एक और महत्वपूर्ण बात यह याद रखना आवश्यक है कि जो संधि मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और यहूदियों के बीच शुरू में हुई थी, उसकी शर्तों में एक शर्त यह भी थी कि यदि यहूदियों के बारे में कोई विवाद उत्पन्न होता, तो उसका निर्णय उनके अपने धर्मशास्त्र के तहत किया जाएगा।"

इस प्रकार, इतिहास से पता चलता है कि इस समझौते के तहत, हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हमेशा यहूदियों के मामलों में शरीयत मूसा के अनुसार निर्णय लिया करते थे। अब हम बाइबल पर नज़र डालते हैं, तो वहां इस प्रकार के अपराध की सजा, जिसे बनू क़ुरैज़ा ने अंजाम दिया, ठीक वही लिखी हुई पाते हैं जो साद बिन मुआज़ ने बनू क़ुरैज़ा पर लागू की थी।

बाइबिल में यह ईश्वर का आदेश दर्ज है:

"और जब तुम किसी शहर के पास उससे लड़ने के लिए पहुँचो तो पहले उससे शांति का संदेश भेजो। फिर यदि वह तुम्हें उत्तर दे कि शांति स्वीकार है और तुम्हारे लिए उसके द्वार खोल दे तो उस शहर की सभी जनसंख्या तुम्हारे कर के अधीन होगी और तुम्हारी सेवा करेगी। लेकिन यदि वह तुमसे शांति न करे और तुमसे युद्ध करे तो उसका घेराव करो, और जब प्रभु तुम्हारे ईश्वर उसे तुम्हारे कब्जे में दे दे, तो वहां के प्रत्येक पुरुष को तलवार से मार डालो, लेकिन महिलाओं, बच्चों और मवेशियों को तथा जो कुछ भी उस शहर में है, उसका पूरा लूट तुम अपने लिए ले लो।"

(व्यवस्थाविवरण, अध्याय 20, आयत 10-15)

यहूदियों की शरीयत का यह आदेश केवल कागज़ पर लिखा हुआ आदेश नहीं था, जिस पर कभी कार्यवाही न की गई हो, बल्कि इस पर हमेशा से अमल किया गया है और यहूदी मामले हमेशा इसी मूल के तहत हल होते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, देखें:

"और उन्होंने (यानी बनू इसराइल ने) मदीयानी लोगों से लड़ा जैसा प्रभु ने मूसा से कहा था, और सारे पुरुषों को मार डाला। और उन्होंने उन मारे गए लोगों के अलावा इव्वी, रक़्म, सूर, हूर, और रिबा नामक मदीयान के पांच राजाओं को भी मार डाला और बेलीआम, बीर के बेटे को भी तलवार से मारा और बनू इसराइल ने मदीयान की महिलाओं और उनके बच्चों को बंदी बना लिया और उनके मवेशियों, भेड़ों, बकरियों और संपत्ति को लूट लिया... और उन्होंने सारी लूट, सभी बंदियों और जानवरों को मोआब के मैदान में यरदन के किनारे, यरीहो के सामने, कैम्प में लाकर मूसा और एलीआजर, याजक और पूरी इसराइल की सभा को प्रस्तुत किया।"

(गिनती, अध्याय 31, आयत 7-12, पाकिस्तान बाइबिल सोसाइटी, उर्दू बाजार,

लाहौर)

हज़रत ईसा नासरी (जो स्वयं भी बनू इसराइल से थे) को अपनी ज़िंदगी में कोई राजकीय शक्ति प्राप्त नहीं हुई और न ही कभी कोई युद्ध हुआ जिसमें उनका तरीका कार्य में दिख सके, लेकिन उनके कुछ कथनों से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उनके शरारती और दुष्ट दुश्मनों के बारे में क्या विचार थे। हज़रत ईसा ने अपने दुश्मनों को संबोधित करते हुए कहा:

"हे सांपों! सांपों के संतानो! तुम नरक के दंड से कैसे बचोगे?"

(मत्ती, अध्याय 23, आयत 33)

अर्थात, "हे लोग! तुम ज़हरीले सांपों की तरह बनकर नष्ट होने के योग्य हो, लेकिन मुझे यह शक्ति नहीं है कि मैं तुम्हें दंड दूं, लेकिन तुम खुद से डरकर और नरक के दंड का विचार करके अपनी बुराईयों और शरारतों से वापस आओ।" संभवतः यही कारण था कि जब हज़रत ईसा के अनुयायियों को दुनिया में शक्ति मिली, तो उन्होंने हज़रत ईसा की इस शिक्षा के तहत, कि शरारती और दुष्ट दुश्मन सांपों और बिच्छुओं की तरह नष्ट किए जाने योग्य होते हैं, जिसे भी शरारती और दुष्ट समझा और अपने इरादों में रुकावट पाया, उसे नष्ट करने में संकोच नहीं किया। यही हम देख रहे हैं।

इसलिए, ईसाई राष्ट्रों का इतिहास इस प्रकार के उदाहरणों से भरा हुआ है।

कुल मिलाकर यह कि साद का निर्णय, हालांकि अपनी प्रकृति में कठोर माना जा सकता है, लेकिन वह बिल्कुल भी न्याय और सच्चाई के खिलाफ नहीं था, और यहूदी अपराध की प्रकृति और मुसलमानों की सुरक्षा दोनों के कारण यही निर्णय उचित था। और फिर यह निर्णय यहूदी शरीयत के ठीक अनुसार था, बल्कि इस प्रारंभिक समझौते के तहत यह आवश्यक था कि ऐसा ही होता, क्योंकि इसके अनुसार मुसलमान इस बात के पाबंद थे कि वे यहूदियों के मामलों में उनकी शरीयत के अनुसार निर्णय करें।

लेकिन जो कुछ भी था, यह निर्णय साद बिन मुआज़ का था, हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का नहीं, और साद पर ही इसकी पहली और आखिरी जिम्मेदारी थी। हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का क़िस्सा केवल राष्ट्रपति के रूप में था, और उन्होंने इस निर्णय को अपनी सरकार के प्रशासन के तहत लागू किया।

"और यह बताया जा चुका है कि आपने इसे ऐसे रंग में जारी किया जो वर्तमान समय की सभ्य से सभ्य और दयालु से दयालु सरकार के लिए भी एक बेहतरीन उदाहरण माना जा सकता है।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब एम.ए. पृष्ठ 605 से 613)

तो यह है जवाब आजकल के उन आलोचकों का, उन लोगों का जो इस्लाम पर आरोप लगाते हैं और इसके परिणामस्वरूप कुछ हमारे अपने लोग भी प्रभावित हो जाते हैं। युवाओं में भी सवाल उठते हैं कि क्यों बनू क़रीज़ा को मारा गया, इसका औचित्य बना कर अब कुछ लोग यह भी कहने लगे हैं कि जो फिलिस्तीनियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, वह भी इस दृष्टि से जायज़ है, जबकि उसकी वर्तमान स्थिति और उस समय की स्थिति में कोई तुलना नहीं है और जो प्रतिशोध लिया जा रहा है, उसके साथ-साथ महिलाओं और बच्चों को भी मारा जा रहा है। फिर भी यह सब दोष भी मुसलमानों का ही है जिन्होंने अपने लाभ के लिए इस्लाम की प्रतिष्ठा को नष्ट कर दिया है। अल्लाह तआला उन लोगों को भी समझदारी दे।

(अल-फज़ल इंटरनेशनल 22 नवम्बर 2024, पृष्ठ 2 से 6)

★ ★ ★

इस्लाम और जमाअत अहमदिय्या के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा)

1800 3010 2131

(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9 00 बजे से रात 11 00 बजे तक)

Web.www.alislam.org

www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

## घोषणा: ड्राइवर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं - सदर अंजुमन अहमदिया कादियान

शर्तें:

1. उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से अधिक और 40 वर्ष से कम होनी चाहिए।
2. उम्मीदवार के पास कम से कम दसवीं कक्षा पास होना आवश्यक है।
3. उम्मीदवार के पास चार पहिया वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना आवश्यक है।
4. उम्मीदवार के लिए किसी सरकारी या निजी संस्था में ड्राइविंग का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इसके अलावा, अपनी आवेदन के साथ उस संस्थान का अनुभव प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना आवश्यक है जहां उम्मीदवार ने अनुभव प्राप्त किया है।
5. उम्मीदवार को अपना जन्म प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
6. उम्मीदवार को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में सफल होना आवश्यक है।
7. लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में सफल होने वाले उम्मीदवारों का ड्राइविंग टेस्ट भी लिया जाएगा।
8. उम्मीदवार के लिए आवश्यक होगा कि वह नूर अस्पताल कादियान से चिकित्सा फिटनेस प्रमाणपत्र के अनुसार स्वस्थ और तंदुरुस्त हो।
9. चयनित ड्राइवर को नियुक्ति के बाद दूसरे श्रेणी के बराबर भत्ते और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।
10. चयन होने की स्थिति में उम्मीदवारों को कादियान में प्रारंभिक पांच वर्षों तक अपनी आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
11. उम्मीदवार के यात्रा खर्च (आवागमन) स्वयं करेगा।

नोट: लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और ड्राइविंग टेस्ट की तारीख के बारे में उम्मीदवारों को बाद में सूचित किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

नज़रात दीवान सदर अंजुमन अहमदिया कादियान, पिन कोड: 143516

मोबाइल: 09888232530, 09682627592

दफ़्तर: 01872-501130

ई-मेल: diwan@qadian.in

पृष्ठ 11 का शेष भाग

की सारी टेंशन दूर हो गई और मुझे तो अपनी सांस की आवाज़ भी नहीं आ रही थी। मेरे दिल की ख्वाहिश अल्लाह तआला ने पूरी कर दी। मेरे लिए तो कुछ बहुत बड़ा हुआ।"

नईम अहमद साहब जमाअत हैरिसबर्ग से आए थे, कहने लगे, "मैं तो हज़रत को ही देखता रहा और दुआ करता रहा। मेरी हज़रत से मिलने की ख्वाहिश अल्लाह तआला ने पूरी कर दी।"

तकी अहमद बाजवा साहब जमाअत हैरिसबर्ग से आए थे, कहने लगे, "मेरे बेटे की उम्र दो साल है, मुझे उसके साथ मुलाकात का मौका मिला। दुआ के लिए कहा, लेकिन जब मुझे माइक मिला तो हज़रत का जलाल इतना था कि मुझसे बात नहीं हो सकी।"

एक दोस्त मुहम्मद अज़हर ताहिर साहब साउथ वर्जीनिया से आए थे, कहने लगे, "यह मेरी जिंदगी की पहली मुलाकात थी, हज़रत के चेहरे पर बहुत नूर था, जिसे देख कर इंसान सब कुछ भूल जाता है। मैंने अपने परिवार के लिए दुआ की।"

ज़ियाउर्रहमान साहब जमाअत हैरिसबर्ग से आए थे, कहने लगे, "मैं थोड़ा ऊंचा सुनता हूं, आवाज ज्यादा नहीं आई, लेकिन मैंने सारा समय हज़रत को ही देखा। मैं अपने जज्बात, एहसासात वर्णन नहीं कर सकता, यह वर्णन से बाहर है।"

एक साहब नासिर समी साहब नॉर्थ वर्जीनिया से आए थे, कहने लगे, "हज़रत के सामने ऐसा था जैसेमज्लिस इर्फान हो रही हो। हज़ूर का इतना फ़रमान कि अल्लाह तआला तौफीक दे, हमारे लिए यही काफी होता है। इससे दिल को बहुत सुकून मिलता है।" शेष ..

पृष्ठ 1 का शेष भाग

यही हाल अन्य मुद्दों का भी है। यूरोप एक लंबे समय तक इस्लामी शिक्षाओं का विरोध करता रहा।

लेकिन अब वहाँ के कुछ शिक्षित और उच्च वर्ग के लोग उन्हीं बातों को इस्लाम की सच्चाई का प्रमाण मानने लगे हैं, जो पहले उनके लिए आलोचना का विषय थीं।

इस्लाम की शिक्षा और यूरोप का दृष्टिकोण

जब मैं अपने इलाज के सिलसिले में लंदन गया, तो मेरे वहाँ पहुँचने से पहले एक प्रसिद्ध संगीतकार, जो लंदन के एक बड़े ओपेरा में काम करता था, इस्लाम की ओर आकर्षित हुआ।

मुझे वहाँ के प्रचारकों ने बताया कि उसकी इस्लाम की ओर रुचि का कारण आम कारणों से बिल्कुल अलग था।

पहले, यूरोप में बहुपत्नीवाद का मुद्दा इस्लाम के लिए सबसे बड़ी रुकावट समझा जाता था।

यूरोपीय लोग कहते थे कि एक से अधिक पत्नियाँ रखना अत्याचार है। लेकिन जब उस व्यक्ति के दिल में इस्लाम की ओर आकर्षण हुआ, तो उसने सबसे पहले पूछा: "इस्लाम बहुपत्नीवाद के बारे में क्या कहता है?"

कुछ मुसलमानों ने कहा: "यह इस्लाम के विरोधियों का दुष्प्रचार है। इस्लाम में ऐसी कोई बात नहीं।"

लेकिन वह इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ और हमारे प्रचारकों के पास आया। जब उसे बताया गया कि इस्लाम में विशेष परिस्थितियों और शर्तों के तहत इसकी अनुमति है, तो उसने कहा: "यह तो एक व्यावहारिक और न्यायपूर्ण नियम है।"

नए दृष्टिकोण और विचारधारा में परिवर्तन

इस संगीतकार ने स्वीकार किया कि यूरोप ने इस्लामी शिक्षा को छोड़कर बहुत कुछ खो दिया है।

उसने कहा, "हमारे समाज में नैतिकता इस कदर गिर चुकी है कि अच्छे पति मिलना दुर्लभ हो गए हैं।"

यह परिवर्तन केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि पूरे समाज में स्पष्ट हो रहा है।

(तफ़्सीर-ए-कबीर, खंड 6, पृष्ठ 87, प्रकाशित 2010, क़ादियान)

★ ★ ★

पृष्ठ 1 का शेष भाग

द्वारा नियुक्त लोगों के विरोधियों का अस्तित्व भी आवश्यक है, जैसे फूलों के साथ काँटों का अस्तित्व होता है।

तिरयाक भी है, तो ज़हर भी है।

